हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शनिवार 3 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 17 .2 डिग्री
न्यूनतम 09 .5 डिग्री

12 अस्पताल बनवाने की जिद पर अड़े ग्रामीण...



12 एससी, बीसीए, बीसीबी व सामान्य वर्ग की महिलाओं...



## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे के आरोपी दो चालक काबू

**रेवाड़ी।** पुलिस ने सड़क हादसों के बाद फरार दो वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। सदर थाना पुलिस ने सड़क हादसे में घायल व्यक्ति के बयान पर गत वर्ष 14 दिसंबर को केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने नूंह के करेहड़ा निवासी युसूफ को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसका ट्रॉला कब्जे में लिया है। रोहड़ाई पुलिस ने 31 दिसंबर को हुए हादसे के बाद दर्ज मामले में गुरावड़ा निवासी देवेंद्र को गिरफ्तार किया है। हादसे को अंजाम देने वाला ट्रैक्टर पुलिस ने कब्जे में लिया है। बाद में दोनों आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** सिटी थाना पुलिस ने मारपीट करने, हत्या के प्रयास और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष के बयान पर 11 अगस्त 2012 को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। उसने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने व हत्या के प्रयास का आरोप लगाया था। इस मामले में एक आरोपी बंजारवाड़ा निवासी दीपक फरार चल रहा था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया, जहां उसे न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेजने के आदेश जारी किए गए।

### धोखाधड़ी की आरोपी जांच में शामिल

**रेवाड़ी।** सीआईए ने धोखाधड़ी के आरोप में एक दशक पूर्व दर्ज मामले में एक महिला को जांच में शामिल किया है। अस्पताल निर्माण में पैसा निवेश करने के नाम पर लगभग 50 लाख की ठगी के आरोप में धारूहेड़ा थाना पुलिस ने कई आरोपियों के खिलाफ 9 जुलाई 2016 को केस दर्ज किया था। मामले के दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। यूपी के विष्णुपुरा अलीगंज निवासी सोनाली को हाई कोर्ट से अग्रिम जमानत मिल गई थी। सीआईए ने उसे अब मामले की जांच में शामिल किया है।

### दहेज उत्पीड़न के मामले में एक गिरफ्तार

**बावल।** पुलिस ने दहेज उत्पीड़न व जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। विवाहिता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच काउंसलिंग के जरिए समझौता कराने के प्रयास किए थे। कई बार पुलिस थाने में दोनों पक्षों के बीच बातचीत हुई, लेकिन उनमें सुलहनामा नहीं हुआ। इसके बाद पुलिस ने गत वर्ष 11 अगस्त को आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था।

### यादव कल्याण सभा का निःशुल्क कैंप कल

**रेवाड़ी।** यादव कल्याण सभा की ओर से 4 जनवरी को सुबह 9 से 11 बजे तक गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में निःशुल्क हेल्थ चैकअप कैंप का आयोजन किया जाएगा। यादव सभा प्रवक्ता प्रो. सतीश यादव ने बताया कि शिविर में डा. तरुण यादव किडनी रोग विशेषज्ञ मेडिसिन में, डा. आत्मप्रकाश यादव हड्डी रोग, गौरव यादव सर्जरी, डा. विदुला यादव नेत्ररोग, डा. अनिल यादव दंतरोग व डा. मनीष यादव ईएनटी के रोगियों को ओपीडी सेवाएं प्रदान करेंगे।

### चोरी के मामले में फरार आरोपी काबू

**बावल।** कसोला थाना पुलिस ने चोरी के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने थाना क्षेत्र में हुई चोरी की वारदात के बाद 6 नवंबर 2024 को केस दर्ज किया था। पुलिस ने जांच के बाद इस मामले में नूंह के फिरोजपुर नमक निवासी मोहम्मद आरिफ को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेजने के आदेश जारी किए।

डहीना-रेवाड़ी रोड रेलवे लाइन पर बन रहा फ्लाईओवर, पेड़ काटने की अनुमति की फाइल चंडीगढ़ में अटकी

# फ्लाईओवर का निर्माण तेजी पर वन विभाग से नहीं मिली अनुमति

## पेड़ों की कटाई नहीं होने के कारण निर्माण के कार्य में आ रही परेशानी





**रेवाड़ी।** रेवाड़ी-महेंद्रगढ़ रोड पर डहीना के पास फ्लाईओवर का चल रहा निर्माण कार्य तथा निर्माणाधीन फ्लाईओवर के पास खड़े पेड़। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

महेंद्रगढ़ रोड पर निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज का कार्य तीव्र गति से चल रहा है, परंतु सड़क के दोनों ओर खड़े पेड़ अभी तक बाधा बने हुए हैं। कई माह से पेड़ काटने की अनुमति लेने की फाइल वन मुख्यालय में धूल फांक रही है। पेड़ों की कटाई नहीं होने के कारण पुल निर्माण के कार्य में परेशानी आ रही है। अगर वन विभाग की ओर से जल्द अनुमति नहीं मिलती है, तो इससे पुल निर्माण का कार्य भी देरी से पूरा होने की आशंका बनी हुई है। रेवाड़ी-महेंद्रगढ़ रोड पर डहीना के पास एलसी-78 पर फ्लाईओवर का निर्माण बीते साल ही शुरू हुआ था। इस रोड से अनुमानित 1.5 लाख वाहनों का आवागमन होता है। पुल का निर्माण एचएचआरडीसी की ओर से कराया जा रहा है। निर्माण कार्य शुरू होने के बाद इस मुख्य मार्ग पर वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रेवाड़ी व महेंद्रगढ़ के बीच आवागमन करने वाले वाहनों को सीहा से मसीत व कंवाली के रास्ते डहीना बस स्टैंड के रास्त निकलना पड़ता है, जिससे उन्हें लगभग 6 किलोमीटर की अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है। रोडवेज बसों को भी इसी तरह लंबा चक्कर लगाना पड़ रहा है, जिससे इस मार्ग पर डीजल की खपत ज्यादा बनी हुई है। वाहनों को घूमकर जाना पड़ता है, जिससे उनका समय भी अधिक बर्बाद होता है। वाहन चालक पुल निर्माण कार्य जल्द पूरा होने की उम्मीद लगाए बैठे हैं। पुल निर्माण का ठेका लेने वाली कंपनी की ओर से तेजी से कार्य किया जा रहा है, परंतु अब कई पुराने व मोटे पेड़ रास्ते का रोड़ा साबित हो रहे हैं।


### साठ फीसदी तक कार्य हो चुका पूरा

फ्लाईओवर निर्माण करने वाली कंपनी के प्रतिनिधि प्रवीन कुमार के मुताबिक फ्लाईओवर का निर्माण कार्य तीव्र गति से चल रहा है। यह कार्य 60 प्रतिशत तक पूरा हो चुका है। पिलर बनाने के बाद बीम और डेक स्लैब का कार्य अंतिम चरण में चल रहा है। इसके बाद रैंप का कार्य शुरू किया जाएगा। पुल निर्माण की समय सीमा अप्रैल माह के अंत तक है। पेड़ों की कटाई समय पर नहीं होने के कारण यह कार्य देरी से हो सकता है।

### वाहन चालकों को बेसब्री से इंतजार

मुख्य मार्ग पर निर्माणाधीन पुल का कार्य वाहन चालक जल्द पूरा होने की उम्मीद लगाए बैठे हैं। वाहन चालकों के साथ-साथ दैनिक यात्रियों को भी न सिर्फ लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है, बल्कि उनके वाहनों का फ्यूल खर्च भी बढ़ रहा है। पुल निर्माण होने के बाद वाहन महेंद्रगढ़ और रेवाड़ी के बीच सरपट दौड़ने लगेंगे। पेड़ कटाई की अनुमति जितना जल्द मिलेगी, निर्माण कार्य भी उसी गति से आगे बढ़ सकेगा।





**रेवाड़ी।** निर्माणाधीन फ्लाईओवर के रास्ते में खड़ा पेड़ तथा निर्माणाधीन फ्लाईओवर के रास्ते में खड़ा पेड़। फोटो : हरिभूमि

### मुख्यालय के पास लंबित फाइल



पुल निर्माण कार्य में बाधा बन रहे पेड़ों की कटाई के लिए मंजूरी की फाइल कार्यालय को मिली थी। बड़े और पुराने पेड़ों की कटाई को मंजूरी मुख्यालय ही देता है। फाइल मुख्यालय भेजी जा चुकी है। अब लोक निर्माण विभाग के अधिकारी खुद वहां से संपर्क करके अनुमति ले सकते हैं।
-दीपक प्रभाकर पाटिल, डीएफओ।



**रेवाड़ी।** परियोजना के स्वीकृति पत्र के साथ कुलपति। फोटो : हरिभूमि

# आईजीयू के गणित विभाग को राष्ट्रीय स्तर पर मिली उपलब्धि

■ शोध कार्य आगामी 60 माह की अवधि में संपन्न किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मीरपुर

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के गणित विभाग को अनुसंधान के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय सफलता प्राप्त हुई है। अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन यानि एएनआरएफ की ओर से गणित विभाग की शोध परियोजना 'गैर-स्थानीय और विषमदैशिक स्मार्ट सामग्रियों में तरंग गतिशीलता का पूर्वानुमानित मॉडलिंग' को वित्तीय सहायता के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है। यह प्रतिष्ठित परियोजना एआरजी-मैट्रिक्स कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित की गई है। परियोजना के प्रमुख अन्वेषक डा. महाबीर बड़क के नेतृत्व में यह शोध कार्य आगामी 60 माह की अवधि में संपन्न किया जाएगा। परियोजना के अंतर्गत प्रति वर्ष 5 लाख का अनुसंधान अनुदान तथा 1 लाख ओवरहेड्स प्रदान किए जाएंगे। डा. महाबीर बड़क ने बताया कि इस शोध परियोजना का मुख्य उद्देश्य नॉन-लोकल एवं एनीसोट्रॉपिक स्मार्ट मटेरियल्स में तरंग गतिकी के व्यवहार का पूर्वानुमानात्मक मॉडल विकसित करना है। यह अनुसंधान उन्नत सामग्री विज्ञान, इंजीनियरिंग, रक्षा प्रौद्योगिकी, सेंसर तकनीक तथा स्मार्ट संरचनाओं के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगा। विशेषज्ञों ने बताया कि यह शोध कार्य न केवल सैद्धांतिक और अनुप्रयुक्त गणित के क्षेत्र को सुदृढ़ करेगा, बल्कि भारत को स्मार्ट मटेरियल्स आधारित आधुनिक तकनीकों के वैश्विक मंच पर एक सशक्त पहचान दिलाने में भी सहायक सिद्ध होगा। आईजीयू के कुलपति प्रोफेसर असीम मिगलानी ने कहा कि यह उपलब्धि न केवल गणित विभाग बल्कि, पूरे विश्वविद्यालय और क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है और भविष्य में उच्चस्तरीय अनुसंधान गतिविधियों को प्रोत्साहित करेगी। इस उपलब्धि से आईजीयू की शैक्षणिक एवं अनुसंधान प्रतिष्ठा को राष्ट्रीय स्तर पर नई ऊंचाई मिली है। संकाय सदस्यों और शोधार्थियों ने इस सफलता को विश्वविद्यालय के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया है।

# वरिष्ठ नागरिक और संस्थाएं होंगी सम्मानित

■ संस्थागत श्रेणियों में एक लाख रुपए व व्यक्तिगत श्रेणियों में 50 हजार रुपए तक के दिए जाएंगे पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी



डीसी अभिषेक मीणा।

हरियाणा सरकार की ओर से वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान और उनके कल्याण के लिए वर्ष 2025-26 के लिए वरिष्ठ नागरिक सम्मान पुरस्कार योजना के तहत आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि हरियाणा सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जातियां एव पिछड़े वर्ग कल्याण विभाग की ओर से योजना के तहत समाज सेवा, कला, खेल और बहादुरी जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बुजुर्गों को नई पहचान और प्रोत्साहन प्रदान करेगी। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत विभिन्न श्रेणियों जैसे शतवर्षीय पुरस्कार, श्रेष्ठ माता, शौर्य और बहादुरी, आजीवन उपलब्धि के साथ-साथ वरिष्ठ पेंटर, मूर्तिकार, संगीतकार और खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा, श्रेष्ठ पंचायत पुरस्कार, श्रेष्ठ स्वैच्छिक संगठन पुरस्कार, श्रेष्ठ वृद्धाश्रम और श्रेष्ठ दैनिक देखभाल केंद्र को भी पुरस्कृत किया जाएगा। पुरस्कार के रूप में कला और खेल श्रेणियों के लिए प्रथम पुरस्कार 50 हजार रुपए, द्वितीय पुरस्कार 30 हजार रुपए और तृतीय पुरस्कार 20 हजार रुपए निर्धारित है। इसी प्रकार, संस्थागत श्रेणियों जैसे श्रेष्ठ पंचायत और एनजीओ के लिए प्रथम पुरस्कार एक लाख रुपए, द्वितीय 75 हजार रुपए और तृतीय पुरस्कार 50 हजार रुपए प्रदान किया जाएगा। डीसी ने बताया कि इच्छुक व्यक्ति या संस्थाएं को विभाग के पोर्टल पर 12 जनवरी तक आवेदन कर सकते हैं।

# चोरों ने मचाया जमकर उत्पात, कई दुकानों को बनाया निशाना

## दुकानदारों का लाखों रुपये का सामान ले गए, सीसीटीवी में नजर आ रहे तीन आरोपी







**रेवाड़ी।** खातीवास अहीर का मंदिर जहां चोरों ने दानपात्र से नकदी चोरी की तथा बावल क्षेत्र में दुकान में घुसे चोर सीसीटीवी में कैद और चोरी की वारदातों के बाद पहुंची पुलिस व जमा लोग। फोटो : हरिभूमि

■ मंदिर का दानपात्र तक नहीं छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

नांगल तेजू की मार्केट में वीरवार की रात लाठियों से लैस तीन चोरों ने जमकर उत्पात मचाया। चोरों ने सात दुकानों के ताले और मंदिर का दानपात्र काटकर लाखों रुपये नकदी और सामान पर हाथ साफ कर दिया। कई सीसीटीवी कैमरों में चोरी के आरोपी वारदात को अंजाम देते हुए कैद हो गए। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी। नांगल तेज बस स्टैंड पर लगभग 150 दुकानों की मार्केट बनी हुई है। वीरवार की रात दुकानदार अपनी दुकानें बंद करने के बाद घर चले गए। शुक्रवार सुबह जब दुकानदार अपनी दुकानों पर पहुंचे, तो कई दुकानदारों के होश उड़ गए। शटर के ताले कटर से काटे हुए पाए गए। सात दुकानों से चोर लाखों रुपये की नकदी, कपड़ा व अन्य सामान चोरी कर ले गए। दुकानदारों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। एसएचओ संजय कुमार भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट बुलाकर दुकानों व आसपास के एरिया में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की। फुटेज में तीन चोर हाथों में लाठियां लिए नजर आ रहे हैं। वह शटर के ताले काटते हुए व चोरी करते हुए साफ नजर आ रहे हैं, लेकिन उनके चेहरों की पहचान नहीं हो पा रही थी। चोरों ने खातीवास अहीर के एक मंदिर का दानपात्र काटकर उससे भी नकदी चोरी कर ली।

### इन दुकानों में हुई चोरी की वारदात

चोर रणसी माजारी निवासी अंकित की बेकरी व फैशन हब, रघुनाथपुरा निवासी संदीप की सब्जी की दुकान, रणसी माजरी निवासी दलबीर की दुकान, नांगल तेजू निवासी मोहन की फास्ट फूड की दुकान, रघुनाथपुरा निवासी राहुल की सीएचसी व नांगल तेजू निवासी मनोज की कबाड़ी की दुकान से लाखों रुपये का सामान और नकदी चोरी कर ले गए। चोरों ने खातीवास अहीर के धनी मंदिर का दानपात्र तोड़कर उससे नकदी चोरी कर ली। इन दुकानों के बाहर कटे हुए ताले पड़े हुए थे।

### दुकानदारों ने उठाए गश्त पर सवाल

एक साथ हुई कई दुकानों में चोरी की वारदात से दुकानदारों में रोष बना हुआ है। दुकानदारों ने पुलिस गश्त पर सवालिया निशान लगाते हुए कहा कि चोर काफी समय तक चोरी की वारदातों को अंजाम देते रहे, परंतु पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी। दुकानदारों ने पुलिस ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और सामान की बरामदगी कराने की मांग की है। एसएचओ ने जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है।

**खेलकूद** विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र व पदक प्रदान कर बढ़ाया हौसला

एथलेटिक्स मीट में दौड़, खो-खो, कबड्डी, लॉन्ग जंप, हाई जंप, वालीबॉल आदि प्रतियोगिताएं हुई

# एथलेटिक्स मीट में छाए विद्यार्थी, हाई जंप में वंशिका और हार्दिक ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोसली

सरस्वती सीनियर सैकेंडरी स्कूल गुड़ियानी में मोहित मेमोरियल एथलेटिक्स मीट का आयोजन किया गया। एथलेटिक्स मीट में दौड़, खो-खो, कबड्डी, लॉन्ग जंप, हाई जंप, वालीबॉल, बैडमिंटन, शॉटपुट, डिस्कस थ्रो, वेट लिफ्टिंग व शतरंज सहित अनेक खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। सभी खेल इंटर-हाउस स्तर पर कराए गए, जिनमें विद्यार्थियों ने खेल भावना का परिचय दिया। सभी हाउस के विद्यार्थियों ने अपने-अपने हाउस लीडर के नेतृत्व में फ्लैग मार्च किया। प्राथमिक कक्षा के विद्यार्थियों के लिए सॉफ्ट गेम्स जैसे केला दौड़, तीन टांग दौड व बैलून रेस आयोजित की गईं। स्कूल निदेशिका मंजूबाला व प्रधानाचार्य डीवी शर्मा ने विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र व पदक प्रदान किए। प्राचार्य धर्मवीर ने विद्यार्थियों से टीमवर्क, अनुशासन व नेतृत्व जैसे गुणों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता के आयोजन में समस्त शिक्षकों का सहयोग रहा।





**रेवाड़ी।** खेल प्रतियोगिता में लॉन्ग जंप लगाती छात्रा तथा खेल प्रतियोगिता में कबड्डी खेलते हुए छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे खेल प्रतियोगिताओं के परिणाम

100 मीटर दौड़ में हिमांशी, हेमंत, प्रिया व खुशी ने प्रथम स्थान, हाई जंप में वंशिका व हार्दिक ने प्रथम, वेट लिफ्टिंग में राहुल व दिव्या ने प्रथम, शॉटपुट में भविष्य व राजेश ने प्रथम तथा डिस्कस थ्रो में काजल व दीपांशु ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# देशी पिस्टल व कारतूस के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी



**रेवाड़ी।** पुलिस गिरफ्त में आरोपी प्रिंस।

सिटी थाना पुलिस ने देशी पिस्टल व जिंदा कारतूस के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। पुलिस को सूचना मिली थी कि नई आबादी निवासी प्रिंस वर्मा के पास अवैध हथियार है। वह हथियार लेकर रेलवे चौक से पैदल झज्जर चौक की ओर जा रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस सरकुलर रोड पर पहुंची तो पुलिस को देखकर एक युवक ने भागने का प्रयास किया। पुलिस ने पीछा करते हुए उसे काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से देशी पिस्टल व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ करने पर युवक ने अपना नाम नई आबादी निवासी प्रिंस वर्मा बताया। पुलिस ने उसे मौके पर ही गिरफ्तार करने के बाद आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया। पुलिस आरोपी से हथियार सप्लाई के बारे में पता लगाने के प्रयास कर रही है।



## बॉर्डर 2 का 'घर कब आओगे' गीत रिलीज, गायकों ने जीता दिल

**मुंबई।** फैंस का इंतजार खत्म हुआ और 'बॉर्डर 2' का मच अवेटेड गाना 'घर कब आओगे'शुक्रवार को रिलीज हो गया है। 'घर कब आओगे' फिल्म बॉर्डर के लोकप्रिय गीत 'संदेसे आते हैं'का री-क्रिएटेड वर्जन है। जिसे उसी धुन के साथ नए अंदाज और लिरिक्स में पेश किया गया है। जावेद अख्तर द्वारा लिखित और अनु मलिक के संगीत से सजे 'संदेसे आते हैं'के इस नए वर्जन को मनोज मुंतशिर ने लिखा है। जबकि संगीत मिथुन का है। पिछली बार इस गाने को सोनू निगम और रूप कुमार राठौड़ ने गाया था। लेकिन, इस बारे गाने में दो नहीं, बल्कि चार गायकों की आवाज है। इस बारे गाने को सोनू निगम के साथ अरिजीत सिंह, दिलजीत दोसांझ और विशाल मिश्रा ने अपनी आवाज दी है। इन चारों की आवाज में इस गाने को सुनकर फैंस उत्साहित हैं। अनुराग सिंह द्वारा निर्देशित 'बॉर्डर 2' 23 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। फिल्म में सनी देओल के साथ वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। जबकि मोना सिंह, सोनम बाजवा, आन्या सिंह और मेधा राणा भी फिल्म में अहम किरदारों में दिखाई देंगे।

**लाइफ Style**



## कृति नहीं लेती बॉक्स ऑफिस नंबर्स का दबाव

कृति सेनन अपनी आगामी फिल्म 'कॉकटेल 2' को लेकर चर्चाओं में हैं। 'तेरे इश्क में'की सफलता के बाद अब 'कॉकटेल 2' पर भी अच्छे प्रदर्शन का दबाव है। कृति सेनन बॉलीवुड में अपने करियर के 11 साल पूरे कर चुकी हैं। इन 11 साल में कृति कई बड़ी फिल्मों का हिस्सा रही हैं। साथ ही उन्होंने कई हिट फिल्में भी दी हैं। उनकी आखिरी रिलीज फिल्म 'तेरे इश्क में' भी बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी। वहीं फिल्म में उनके अभिनय की भी काफी तारीफ हुई।

एजेंसी ⏭ मुंबई

कृति नए साल में अपनी आगामी फिल्म 'कॉकटेल 2' के साथ प्रवेश कर रही हैं। यह उनकी 20वीं फिल्म भी है। इस मौके पर कृति ने 'कॉकटेल 2' को लेकर बात की और साथ ही बताया कि क्या फिल्मों की सफलता उनके ऊपर दबाव डालती है या नहीं। कृति ने बॉक्स ऑफिस नंबर के प्रेशर के बारे में बात की। एक फिल्म की सफलता क्या दूसरी फिल्म के बॉक्स ऑफिस नंबर के आंकड़ों को लेकर दबाव बनाती है? अभिनेत्री ने कहा कि वो अपने ऊपर किसी भी तरह का दबाव नहीं लेती है। हर फिल्म अलग होती है, आप यह उम्मीद नहीं कर सकते कि हर फिल्म एक ही तरह के दर्शकों को आकर्षित करेगी। कॉकटेल 2 के दर्शक, तेरे इश्क में से बिल्कुल अलग हैं। आप बस कड़ी मेहनत और पूरी ईमानदारी से काम कर सकते हैं। आपको हर फिल्म में अपना सर्वश्रेष्ठ देना होता है। इसके अलावा बाकी सब हमारे हाथ में नहीं है, क्योंकि बॉक्स ऑफिस पर फिल्म की सफलता को प्रभावित करने वाले कई और कारण भी होते हैं। इसलिए मैं वह दबाव नहीं लेना चाहती। मैं अपने फिल्म निर्माताओं पर भी वह दबाव नहीं डालती। बल्कि, मैं बस इस प्रक्रिया का आनंद लेती हूं। मैं उत्साहित हूं। इससे पहले एक इंटरव्यू में बात करते हुए कृति ने कॉकटेल 2 के बारे में बताया था कि 'कॉकटेल 2 बिल्कुल सही समय पर बनी। मुझे इसकी बहुत चाह थी।

**हॉलीवुड मसाला**



## पिता बनने का साझा किया अनुभव

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता और मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के 'लोकी' के नाम से दुनियाभर में पहचान बना चुके टॉम हिडलस्टन एक बार फिर पिता बन गए हैं। नए साल की शुरुआत उनके लिए बेहद खास रही। टॉम हिडलस्टन और उनकी पार्टनर और अभिनेत्री जावे एश्टन ने अपने दूसरे बच्चे का स्वागत किया है। टॉम हिडलस्टन ने पिता बनने के एहसास को शब्दों में बयां करते हुए कहा कि यह अनुभव ऐसा है, जिसे महसूस किए बिना समझा नहीं जा सकता। उनके मुताबिक, यह पल न सिर्फ भावनात्मक है, बल्कि इंसान की पूरी सोच और जिंदगी को नई दिशा दे देता है। हालांकि, कपल ने अपने बच्चे के नाम और जेंडर को लेकर फिलहाल कोई जानकारी साझा नहीं की है। दोनों हमेशा से अपनी निजी जिंदगी को लाइमलाइट से दूर रखने के लिए जाने जाते रहे हैं।




## ओशन्स 11 गैंग की 19 साल बाद वापसी

**लॉस एंजिल्स।** 'ओशन्स' फिल्म फ्रेंचाइजी के फैंस के लिए खुशखबरी है। जॉर्ज क्लूनी ने खुलासा किया है कि वह सीरीज की चौथी फिल्म की तैयारी में हैं। एक बार फिर से ब्रैड पिट, मैट डेमन और जूलिया रॉबर्ट्स संग बाकी टीम लौटेगी। उन्होंने फिल्म के प्लॉट को लेकर भी हिंट दिया है। जॉर्ज क्लूनी, ब्रैड पिट, मैट डेमन, जूलिया रॉबर्ट्स जैसे दिग्गज सितारों से सजी 'ओशन सीरीज' की तीनों फिल्में आज करीब दो दशक बाद भी दर्शकों की फेवरेट हैं। साल 2001 में आई 'ओशन्स 11', 2004 में रिलीज ओशन्स 12 और 2007 में आई ओशन्स 13', वो फिल्में साबित हुईं, जिन्होंने बड़े पर्दे हाइस्ट जॉनर को पॉपुलर बनाया। इन फिल्मों का असर सिर्फ हॉलीवुड में ही नहीं, बल्कि दुनियाभर में हुआ। आज भी दुनिया के किसी कोने में 'हाइस्ट' यानी लूट पर कोई फिल्म या सीरीज बनती है, तो उसमें 'ओशन सीरीज' का असर दिखता है। खुशखबरी यह है कि अब सुपरस्टार्स की फौज और शानदार चोरियों का दौर फिर से लौट रहा है। जी हां, फिल्म में लुटेरों की टीम के लीडर डैनी ओशन का किरदार निभाने वाले जॉर्ज क्लूनी ने इस ओर इशारा किया है।



## अक्षय के साथ पहली बार स्क्रीन साझा करेंगी रानी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की फ्रेंचाइजी 'ओह माई गॉड' की नई फिल्म को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अक्षय पहली बार रानी मुखर्जी के साथ काम करने जा रहे हैं। बॉलीवुड की चर्चित फ्रेंचाइजी 'ओह माई गॉड'एक बार फिर बड़े स्तर पर वापसी करने की तैयारी में है। फ्रेंचाइजी की नई फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच पहले से ही उत्सुकता बनी हुई थी और अब इस प्रोजेक्ट से जुड़ी एक बड़ी जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस बार अक्षय कुमार के साथ रानी मुखर्जी मुख्य भूमिका में नजर आ सकती हैं। अगर यह खबर पुख्ता होती है, तो यह दोनों कलाकारों की पहली ऑन-स्क्रीन जोड़ी होगी, जिसे लेकर फिल्म इंडस्ट्री में खासा उत्साह देखा जा रहा है। बताया जा रहा है कि 'ओह माई गॉड' इस समय प्री-प्रोडक्शन स्टेज में है और फिल्म की शूटिंग 2026 के मई से शुरू होने की योजना है।



## 40 की उम्र में फिर प्यार में पड़ीं कीर्ति

**मुंबई।** नए साल के मौके पर 1 जनवरी की देर रात कीर्ति कुल्हारी ने अपने फैंस को नए साल की शुभकामनाएं देते हुए अपने रिलेशनशिप को ओपेन किया है। एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक रील शेयर की है, जिसमें कई अलग-अलग फोटोज हैं। इन फोटोज में कीर्ति कुल्हारी अभिनेता राजीव सिद्धार्थ के साथ नजर आ रही हैं। इस रील में राजीव और कीर्ति की कई रोमांटिक तस्वीरें भी हैं। इस रील के साथ ही कीर्ति ने राजीव सिद्धार्थ के साथ अपने रिश्ते को आधिकारिक कर दिया है। कीर्ति ने अपनी पोस्ट के कैप्शन में लिखा, 'एक तस्वीर हजार शब्दों के बराबर होती है। सभी को 2026 मुबारक हो।'आजकल किसी भी रिलेशनशिप के सामने आते ही पार्टनर्स के बीच उम्र का फासला जानने के लिए भी फैंस उत्साहित रहते हैं। इसी तरह राजीव सिद्धार्थ और कीर्ति कुल्हारी के बीच के उम्र के फासले को लेकर भी फैंस उत्साहित हैं।

**टीवी मसाला**



## शार्क टैंक इंडिया सीजन 5 में दिखेंगे नए आइडियाज

**नई दिल्ली।** छोटे पर्दे पर मचअवेटेड स्टार्टअप्स शो 'शार्क टैंक इंडिया' सीजन 5 एक बार फिर सोनी टीवी पर वापसी कर रहा है। शो से जुड़े कई प्रोमो सामने आए हैं, जिसमें नए उद्यमियों को अपना आइडिया जजों के सामने पेश करते हुए दिखाया गया है। शो का पहला सीजन साल 2021 में आया था, जिसमें 700 से ज्यादा नई डील्स को लॉक किया गया था, लेकिन अब पांचवें सीजन के साथ 6 नए जज और नए आइडिया शो में दिखने वाले हैं। ये शार्क्स न सिर्फ स्टार्टअप्स में निवेश करेंगे, बल्कि उद्यमियों को मेंटरशिप और स्ट्रैटेजिक गाइडेंस भी देंगे। सीजन 5 का प्रीमियर 5 जनवरी को सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर होगा और इसे सोनी लिव ऐप पर स्ट्रीम किया जा सकेगा। शो का फॉर्मेट वही रहेगा। जहां कई राउंड्स की स्क्रीनिंग के बाद चुनिंदा स्टार्टअप्स को शार्क्स के सामने पिच करने का मौका मिलेगा। सीजन पांच में पुराने जज विराज बहल, कुणाल बहल, अमित जैन, रितेश अग्रवाल, पीयूष बंसल, नमिता थापर, अमन गुप्ता, विनिता सिंह और अनुपम मित्तल भी दिखेंगे. इनके साथ शैली मेहरोत्रा (सीईओ, फिक्सडर्मा इंडिया), हार्दिक कोठिया (रेजॉन सोलर के संस्थापक और प्रबंध निदेशक), मोहित यादव (मिनिमलिस्ट के सह-संस्थापक) वरुण अलघ (होनासा कंज्यूमर लिमिटेड के सीईओ और सह-संस्थापक), कनिका टेकरीवाल (जेटसेटगो एविएशन की संस्थापक) और प्रथम मित्तल (मास्टर्स यूनियन और टेट्रा के संस्थापक) 'शार्क टैंक इंडिया' के नए शार्क्स होंगे।

## 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' रहा अव्वल

**नई दिल्ली।** नए साल की शुरुआत में यानी शुक्रवार को 51वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट जारी की गई। पिछले साल जुलाई महीने में स्मृति ईरानी स्टारर सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' ने टीवी पर पच्चीस साल बाद वापसी की। यह सीरियल पहले हफ्ते से ही टीआरपी लिस्ट में टॉप 5 में जगह बनाने में कामयाब रहा, साथ ही इसने बचे हुए साल में भी टॉप 5 में अपने लिए जगह बनाए रखी। 51वें हफ्ते में यह सीरियल अव्वल रहा, इसे 2.2 की टीआरपी मिली है। इसकी वजह है कि सीरियल में इन दिनों बहुत ट्विस्ट आ रहे हैं। लीड कैरेक्टर तुलसी और मिहिर एक-दूसरे से दूर हो चुके हैं। 51वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में रुपाली गांगुली के सीरियल 'अनुपमा'को दूसरा स्थान मिला है। इसकी टीआरपी 2.1 रही है। जबकि पिछले साल यह सीरियल हर हफ्ते टॉप पर बना रहा, कभी-कभी ही ऐसा हुआ कि यह खिसककर नीचे आया हो। साल के आखिरी हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में टॉप 5 में कई और सीरियल्स ने जगह बनाई है। इसमें उड़ने की आशा और तुम से तुम तक को 1.9 की टीआरपी मिली है। यह सीरियल एक-दूसरे को टक्कर दे रहे हैं।




## द्रौपदी 2 दिखाएगी दक्षिण भारत के 14वीं सदी का इतिहास

**मुंबई।** 'द्रौपदी 2' को सेंसर बोर्ड से यू/ए सर्टिफिकेट मिल गया है। यह फिल्म दक्षिण भारत के 14वीं सदी के इतिहास को दिखाएगी। ऑरिजनली तमिल में बनी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 23 जनवरी को रिलीज होनी है। इसी दिन सनी देओल, वरुण धवन, अहान शेट्टी और दिलजीत दोसांझ स्टारर 'बॉर्डर 2' भी रिलीज होगी। तमिल और तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में ऐतिहासिक विषयों पर बनने वाली फिल्मों में हमेशा से दर्शकों की खास दिलचस्पी मिलती रही है। जब ऐसी फिल्मों में इतिहास, वीरता, संस्कृति और सामाजिक संघर्ष की झलक मिलती है, तो दर्शक उनसे खुद को जुड़ा हुआ महसूस करते हैं। 'द्रौपदी 2' 14वीं सदी के उस दौर को दिखाएगी, जिसे इतिहास का एक अंधकारमय और उथल-पुथल भरा समय माना जाता है।' यह फिल्म दक्षिण भारत के इतिहास को बड़े पर्दे पर जीवंत रूप में पेश करेगी और इसी महीने सिनेमाघरों में रिलीज होगी। पहले खबर थी कि फिल्म निर्माता इसे 23 जनवरी 2026 को रिलीज करने पर विचार कर रहे हैं। हालांकि, अभी तक आधिकारिक रूप से इसकी घोषणा नहीं हुई है, लेकिन सेंसर सर्टिफिकेट मिलने के बाद लगभग तय माना जा रहा है कि फिल्म जल्द ही दर्शकों के सामने होगी। 'द्रौपदी 2' का निर्माण चोला चक्रवर्ती ने नेटाजी प्रोडक्शन्स के बैनर तले किया है। फिल्म को लेकर दर्शकों और फिल्म इंडस्ट्री के बीच काफी उत्साह देखा जा रहा है।



## बैंड बाजा बारात फिर से हो रही रिलीज



**मुंबई।** इन दिनों री-रिलीज फिल्मों का ट्रेंड जोर पकड़ रहा है और अब इस कड़ी में रणवीर सिंह और अनुष्का शर्मा की सुपरहिट रोमांटिक फिल्म 'बैंड बाजा बारात'का नाम भी जुड़ गया है। ये फिल्म एक बार फिर दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए सिनेमाघरों में लौट रही है। इस फिल्म ने न सिर्फ रणवीर सिंह को बॉलीवुड में पहचान दिलाई थी, बल्कि अनुष्का के साथ उनकी जोड़ी को भी काफी पसंद किया गया था। साल 2010 में रिलीज हुई यह फिल्म अब करीब 16 साल बाद फिर से थिएटर्स में दिखाई जाएगी। मेकर्स ने इसकी री-रिलीज डेट 16 जनवरी 2026 तय की है। इस खबर के सामने आते ही फैंस के बीच जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। खासकर उन दर्शकों के लिए यह एक खास मौका है, जिन्होंने पहली बार इस फिल्म को बड़े पर्दे पर देखा था या जो नई पीढ़ी के दर्शक हैं।'बैंड बाजा बारात' की कहानी दो युवा और महत्वाकांक्षी लोगों के इर्द-गिर्द घूमती है, जो दिल्ली की चकाचौंध भरी शादी इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने निकलते हैं। फिल्म में दोस्ती, प्यार, महत्वाकांक्षा और टकराव को बेहद हल्के-फुल्के लेकिन असरदार तरीके से दिखाया गया है। यही वजह है कि फिल्म आज भी दर्शकों को उतनी ही ताजा लगती है, जितनी अपनी पहली रिलीज के समय लगी थी। रणवीर सिंह और अनुष्का शर्मा की जोड़ी को इस फिल्म से जबरदस्त लोकप्रियता मिली थी। दोनों की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री, डायलॉग्स और किरदारों की सादगी ने दर्शकों का दिल जीत लिया था।

## महाकाली में शुक्राचार्य की भूमिका में नजर आएंगे अक्षय



**मुंबई।** धुरंधर में रहमान डकैत की भूमिका से चर्चाएं बटोरने वाले अक्षय खन्ना इन दिनों आरोपों को लेकर चर्चाओं में हैं। हालांकि, इस बीच अक्षय खन्ना की अगली फिल्म महाकाली से उनकी बीटीएस तस्वीर सामने आई है। इनमें अक्षय खन्ना भी नजर आ रहे हैं। पूजा कोल्लुरु ने जो तस्वीरें साझा की हैं, उनमें 'महाकाली'के सेट से अक्षय खन्ना के साथ एक सेल्फी भी शामिल है। इसके अलावा पूजा ने 2025 के अपने सफर की कई और तस्वीरें भी साझा की हैं, जिनमें सेट की भी कुछ और तस्वीरें हैं। महाकाली से अक्षय खन्ना तेलुगु सिनेमा में अपना डेब्यू कर रहे हैं। महाकाली प्रशांत वर्मा सिनेमाटिक यूनिवर्स की अगली कड़ी है। फिल्म में अक्षय खन्ना गुरु शुक्राचार्य की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म से उनका फर्स्ट लुक सामने आया था, जिसमें उन्हें पहचानना बिल्कुल मुश्किल हो रहा था। इस लुक के सामने आने के बाद से ही फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। महाकाली में भूमि शेट्टी महाकाली के मुख्य किरदार में नजर आएंगी। अक्षय खन्ना के शामिल होने से फिल्म की और भी चर्चा हो रही है। आदित्य धर द्वारा निर्देशित धुरंधर में अक्षय खन्ना ने बलोच नेता और अंडरवर्ल्ड डॉन रहमान डकैत की भूमिका निभाई है। इस किरदार में अभिनय के लिए अक्षय खन्ना की जमकर प्रशंसा हो रही है। सबसे ज्यादा वायरल उनका डांस स्टेप हुआ है, जिसे लोग काफी कॉपी कर रहे हैं।

### कोर्टरूम ड्रामा से लेकर एक्शन और रोमांस तक

# इस वीकेंड घर बैठकर देखिए अलग-अलग प्रकार की फिल्में और सीरीज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

नए साल का आगाज हो चुका है। नए साल के पहले दिन सिनेमाघरों में अगस्त्य नंदा की 'इक्कीस' रिलीज हुई है। इसे दर्शकों और क्रिटिक्स दोनों की ओर से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। वहीं, दूसरी ओर नए साल के पहले हफ्ते में ओटीटी पर भी कई फिल्में व सीरीज आ रहे हैं और कुछ आ चुके हैं। जिन्हें आप घर बैठे ही देख सकते हैं और नए साल का आनंद ले सकते हैं।

### हक

इमरान हाशमी और यामी गौतम की कोर्टरूम ड्रामा फिल्म 'हक' सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर भी रिलीज हो चुकी है। फिल्म आज यानी 2 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर मौजूद है। शाह बानो केस पर आधारित 'हक' को क्रिटिक्स ने सराहा था, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर फिल्म अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी थी।

### ब्यूटी

तेलुगु रोमांटिक थ्रिलर 'ब्यूटी' एक लड़की के प्रेम में पड़ने के बाद अपने घर से भाग जाने और माता-पिता के उसे ढूंढने की कहानी है। इमोशनल पारिवारिक ड्रामा और शॉकिंग ट्विस्ट से भरी यह फिल्म 2 जनवरी से ओटीटी के प्लेटफॉर्म जी5 पर मौजूद है।



### रन अवे

ब्रिटिश थ्रिलर वेब सीरीज 'रन अवे' भी 1 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर मौजूद है। इसमें जेम्स नेसबिट, एली डी लैंग, रुथ जोनस और अल्फ्रेड एनोच समेत कई कलाकार दिखाई देंगे।

### कुमकी 2

तमिल फिल्म 'कुमकी 2' शनिवार 3 जनवरी से ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर मौजूद रहेगी। इस फिल्म की कहानी भूमि और उसके हाथी नीला के बीच गहरे बॉन्ड पर आधारित है। बचपन में भूमि की मां द्वारा चुपके से हाथी को बेच दिए जाने के बाद, बड़े होकर भूमि अपने साथी को खोजने के लिए एक मिशन पर निकल पड़ता है।



### स्ट्रेंजर थिंग्स 5 फाइनल एपिसोड

नेटफ्लिक्स की सबसे लोकप्रिय सीरीज 'स्ट्रेंजर थिंग्स' के पांचवे सीजन का आखिरी एपिसोड भी आ चुका है। 1 जनवरी से यह फाइनल एपिसोड नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम कर रहा है।

### एलबीडब्ल्यू: लव बियॉन्ड विकेट

क्रिकेट पर आधारित स्पोर्ट ड्रामा सीरीज 'एलबीडब्ल्यू: लव बियॉन्ड विकेट' रंगन की कहानी है, जो एक होनहार खिलाड़ी रह चुका है। लेकिन, कॅरियर में ज्यादा सफलता न मिलने पर अब कोच बन गया है। सीरीज आत्मसम्मान के लिए रंगन के संघर्ष और खिलाड़ियों के इमोशनल संघर्षों को दिखाती है। यह सीरीज 1 जनवरी से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम कर रही है।

### लव फ्रॉम 9 टू 5

ऑफिस रोमांटिक-कॉमेडी सीरीज 'लव फ्रॉम 9 टू 5' 1 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर मौजूद है। इस सीरीज में ऑफिस पॉलिटिक्स से लेकर सहकर्मियों के बीच के रिलेशन तक को दिखाया गया है।

### माई कोरियन बॉयफ्रेंड

'माई कोरियन बॉयफ्रेंड' एक डॉक्यूमेंट्री सीरीज है, जो 1 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम कर रही है। सियोल में 22 दिनों में फिल्माई गई यह डॉक्यूमेंट्री सीरीज, प्यार के अलग-अलग पड़ावों पर हर जोड़े की कहानी बयां करती है।

कर्मचारियों का वर्ष 2017 से 2023 तक का एरियर हैं बकाया

# बकाया एरियर की मांग को लेकर सफाई कर्मचारी हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

बकाया एरियर की मांग को लेकर नगर पालिका कर्मचारी संघ ने शुक्रवार से काम छोड़ो हड़ताल शुरू कर दी हैं। नगर पालिका कर्मचारियों द्वारा की गई हड़ताल के कारण शहर में अनेक जगह गंदगी के ढेर लग गए। इससे लोगों को काफी परेशानी का सामना भी करना पड़ा। वहीं, सफाई यूनियन के प्रधान का दावा है कि शनिवार को भी पालिका के कर्मचारी हड़ताल पर रहेंगे। हड़ताल के चलते नगर पालिका कर्मचारी संघ ने नगर पालिका परिसर में धरना देकर नारेबाजी की।

धरने पर बैठे कर्मचारियों को संबोधित करते हुए सफाई कर्मचारी यूनियन के कर्मचारियों ने कहा कि कई बार नगर पालिका प्रशासन को अवगत करवाया जा चुका है कि स्थानीय नगर पालिका के कर्मचारियों का 2017 से 2023 तक का एरियर बकाया है। वहीं, यहां के कर्मचारियों को समान काम समान वेतन नहीं दिया जा रहा है। जबकि, प्रदेश की अन्य पालिकाओं और परिषद में समान काम समान वेतन मिल रहा है।

यूनियन के कर्मचारी कई बार ज्ञापन के माध्यम से भी नगर पालिका के अधिकारियों व विधायक तक को अवगत करवा चुके हैं कि कर्मचारियों का बकाया एरियर जल्दी दिया जाए, लेकिन अभी तक उनकों एरियर नहीं मिला हैं। जिसके चलते उन्होंने पहले ही चेतावनी दे दी थी कि अगर उनकी मांगों को नहीं माना गया तो वह दो जनवरी को काम छोड़ हड़ताल शुरू कर देंगे। यूनियन प्रधान पूर्ण कुमार ने कहा कि काफी समय से वह प्रशासन को चेताने का प्रयास किया। लेकिन मांगों को अनदेखा करने के विरोध में अब काम छोड़ हड़ताल पर जाने के लिए विवश होना पड़ा है। उन्होंने कहा कि जब तक कर्मचारियों को एरियर नहीं मिल जाता, तब तक कर्मचारी काम छोड़ हड़ताल पर रहेंगे।


महेंद्रगढ़। सरकार व प्रशासन के प्रति नारेबाजी करते कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

### यह रहे मौजूद

*इस मौके पर सफाई यूनियन प्रधान पूण कुमार, धीरज, रिंकू, शम्मी, सुमित, राजेश, नसीब, विनोद, देवानंद, दीपक, सूबेसिंह, राहुल, गुलशन, चांदराम, सन्नी, घनश्याम, आशु, सुंदर, सुंडाराम, पंकज, राहुल, कविता, आरती, विष्णु, राजकुमार, आशीष सहित अनेक कर्मचारी उपस्थित रहें।*

### सफाई व्यवस्था चरमराई

सफाई कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने के कारण शुक्रवार को शहर में न तो सफाई हुई और न ही कूड़ा उठान हुआ। इस कारण हड़ताल के पहले दिन ही शहर के बाजारों में कई जगह कूड़े के ढेर लगे नजर आए। अगर सफाई कर्मचारियों की काम छोड़ हड़ताल लंबी चलती है तो आने वाले दिनों में शहर की व्यवस्था और भी बिगड़ सकती है। शहर के बाजारों, मोहल्ले में जगह-जगह कूड़े के ढेर लग गए। जिसके चलते लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

## खबर संक्षेप

### कांटी गांव में व्यक्ति ने लगाया फंदा

**मंडी अटेली।** गांव कांटी में एक व्यक्ति ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार कांटी निवासी लगभग 35 वर्षीय सुरेंद्र ने शुक्रवार दोपहर गांव के खेत में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं इस घटना की जानकारी आसपास के लोगों को लगी तो परिजनों में हड़कंप मच गया। तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी गई। अटेली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच शुरू कर दी।

### आज बिजली सप्लाई रहेगी बाधित

**नारनौल।** 11 केवी किला रोड फीडर पर तीन जनवरी को लाइन मेंटेनेंस कार्य के दौरान परमिट लिया जाएगा। इस दौरान सब्जी मंडी क्षेत्र में नई लाइन, पोल लगाने का कार्य किया जाएगा तथा संबंधित लाइन पर ट्री कटिंग का कार्य भी किया जाएगा। इस कार्य के दौरान शहर के आजाद चौक, मोहल्ला खड़खड़ी, फ्रांसखाना, चौधरीयान, मियां की सराय व आसपास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। सिटी एसडीओ मोहम्मद अजहरुद्दीन ने नागरिकों से अपील की है कि वे कार्य के दौरान सहयोग प्रदान करें।

### पिछड़ा वर्ग की विशेष बैठक कल

**नारनौल।** ओबीसी ब्रिगेड हरियाणा के तत्वावधान में पिछड़ा वर्ग की विशेष बैठक का आयोजन यादव धर्मशाला में चार जनवरी को किया जाएगा। पिछड़ा वर्ग के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं कुम्हार सभा के पूर्व प्रधान किशनलाल लुहानीवाल, प्रधान प्यारेलाल योगी व उपाध्यक्ष जितेंद्र योगी आदि ने बताया कि बैठक में ओबीसी बिग्रेड हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह तंवर मुख्य अतिथि रहेंगे। बैठक में समाज के हितों पर चर्चा की जाएगी तथा इसके साथ ही संगठन को मजबूत बनाने पर बल दिया जाएगा।

### यादव धर्मशाला में नेत्र जांच शिविर कल

**महेंद्रगढ़।** यादव धर्मशाला के मुख्य सभागार में रविवार को 187वें निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन यादव सभा एवं राहत ग्रुप के तत्वाधान में किया जाएगा। कप्तान राजेंद्र सिंह खेड़ा ने बताया कि निःशुल्क नेत्र जांच शिविर राहत ग्रुप एवं यादव सभा के पूर्व प्रधान डॉ. प्रेमराज यादव की अध्यक्षता में लगाया जाएगा। नेत्र रोगी प्रातः आठ बजे से अपने आधार कार्ड के साथ यादव धर्मशाला के मुख्य सभागार में पंजीकरण के लिए पहुंचे। नेत्र रोगियों की जांच डॉ जितेंद्र यादव व उनकी टीम के द्वारा की जाएगी।

नारनौल में बनाए जा रहे दो और प्लेटफार्म

# रेलवे ट्रेक दोहरीकरण फरवरी में पूरा होने की उम्मीद, यात्रियों को होगा फायदा

***देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब माजरा में एम्स का शिलान्यास करने आए, तब 16 फरवरी 2024 को रखी थी रेलवे ट्रेक दोहरीकरण की नींव***

राजकुमार ▶▶ नारनौल

शुरू हुए नए वर्ष में रेलयात्रियों के लिए खुशखबरी है। करीब दो महीने बाद नारनौल-रेवाड़ी के मध्य रेलवे के दोहरीकरण कार्य को पूरा कर लिया जाएगा तथा इस पर सवारी गाड़ियां क्रॉसिंग के दौरान होने वाली ट्रेन रोकने की बाधा को दूर कर लिया जाएगा। यह ट्रेक कंपलीट होने पर सवारी गाड़ी चाहे आएं या जाएं, उन्हें रोकना नहीं पड़ेगा।

इससे ट्रेनों का आवागमन सुगम एवं तीव्र हो जाएगा तथा यात्रियों को रेवाड़ी, गुरुग्राम व दिल्ली की तरफ आने-जाने में फायदा हो सकेगा। इतना ही नहीं, ट्रेक दोहरीकरण का फायदा नए प्लेटफार्म के रूप में भी देखने को मिलेगा। दो ओर नए प्लेटफार्म बनने पर अन्य सुविधाएं भी बढ़ जाएंगी।

उल्लेखनीय है कि रेलवे विभाग ने वर्ष 2007 में मीटरगेज लाइनों के ब्रॉडगेज में तब्दील करना शुरू किया था, तब से केवल सिंगल ब्रॉडगेज लाइनें ही तैयार की गई थी, जिस कारण एक ही पटरी पर आमने-सामने से ट्रेन आने पर एक ट्रेन को रेलवे स्टेशन पर रोक दिया जाता था और दूसरी ट्रेन को पार कराया जाता था। इसका शिकार अक्सर छोटी दूरी की ट्रेनें होती थी और छोटी दूरी के यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में बड़ा समय लग जाता था। रेवाड़ी से फुलेरा के बीच के सिंगल ट्रेक की दूरी लगभग 215 किलोमीटर है। इस समस्या को मद्देनजर रखते हुए रेलवे लाइनों का दोहरीकरण कार्य शुरू किया गया।

इसी के तहत जब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 16 फरवरी 2024 को रेवाड़ी जिला के माजरा में एम्स का शिलान्यास करने आए, तब उन्होंने रेवाड़ी-रींगस के बीच रेलवे लाइनों के दोहरीकरण की नींव रखी थी। अब उसी कार्य को रेलवे पूरा करने में जुटा हुआ है। रेलवे की ओर से रेवाड़ी से फुलेरा के बीच के दोहरीकरण के कार्य को दो फेज में पूरा किया जाना है।

पहला फेज रेवाड़ी से नारनौल तक चुना गया है तथा दूसरा फेज नारनौल से फुलेरा के बीच चयन किया गया है। अब पहले फेज के कार्य के चलते ही रेवाड़ी से काठूवास और फिर काठूवास से नारनौल तक की सवारी गाड़ियों के रेल लाइन का दोहरीकरण किया जा रहा है। इसकी दूरी करीब 51.85 किलोमीटर थी और केंद्र सरकार ने इसका अनुमानित बजट 665 करोड़ रुपये रखा था।


नारनौल। रेलवे ट्रेक तैयार करते इंजीनियर एवं मजदूर। फोटो: हरिभूमि

### किस्तों में चल रहा काम

जब पीएम ने 16 फरवरी 2024 को नींव रखी थी, उस वक्त रेवाड़ी से काठूवास के बीच के 27.73 किलोमीटर टुकड़े के लिए सरकार ने 352 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया था। इसी प्रकार काठूवास से नारनौल के बीच 24.12 किलोमीटर के टुकड़े के लिए 313 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है। रेलवे ट्रेक दोहरीकरण कार्य किस्तों में चल रहा है। फिलहाल काठूवास से नारनौल की तरफ लगभग दोहरीकरण किया जा चुका है और आजकल नारनौल के रेलवे स्टेशन पर दोहरीकरण का कार्य युद्ध स्तर पर चलाया जा रहा है। यहां के रेलवे ट्रेक का निर्माण गीत इंटरप्राइजिज फरीदाबाद नामक कंपनी कर रही है।

### बनेंगे तीन और रेलवे प्लेटफार्म

नारनौल के रेलवे स्टेशन पर दोहरीकरण का कार्य पूरा करने के साथ ही इस स्टेशन पर अब एक रेलवे प्लेटफार्म नहीं, बल्कि चार प्लेटफार्म नजर आएंगे। एक समय में नारनौल में केवल सिंगल प्लेटफार्म था और सवारियां उसी से ट्रेन में चढ़ती और उतरती थी, जिस कारण कई बार सवारियों में धक्का–मुक्की की स्थिति बन जाती थी। निर्माण कार्य के चलते नारनौल स्टेशन फिलहाल सिंगल प्लेटफार्म का बना हुआ है, लेकिन आने वाले समय में यह चार प्लेटफार्म का हो जाएगा। नई रेलवे लाइन बिछने पर उसके दोनों तरफ भी प्लेटफार्म बनेंगे। वर्तमान में रेल पटरियों के साथ ही प्लेटफार्म तैयार करने का भी कार्य प्रगति पर है।

### यह बोली निर्माण कंपनी

रेलवे लाइन दोहरीकरण का कार्य कर रही जीत इंटरप्राइजिज कंपनी फरीदाबाद के मालिक प्रेमगीत ने बताया कि रेवाड़ी से नारनौल तक रेल लाइन बिछाने का कार्य अंतिम चरण में है। रेल लाइन बिछाने उपरांत इस पर रेलवे वाले ट्रेनों का चलाकर पहले इसका ट्रॉयल लेंगे। ट्रॉयल सक्सेस रहने पर इस पर गाड़ियों का संचालन किया जाएगा। जब सवारी गाड़ियां चलेंगी, तब क्रॉसिंग के वक्त उन्हें रोकने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इससे ट्रेन सुगम एवं तीव्र स्पीड से आ व जा सकेंगी। इससे यात्रियों का समय बच सकेगा और इससे सभी को फायदा होगा।


रेवाड़ी। सेवानिवृत्त एसएससी को सम्मानित करते एक्सईएन व स्टाफ सदस्य।

### बाइस वर्ष के सेवाकाल के बाद सेवानिवृत्त हुए एसएससी सुभाष को दी विदाई

**कोसली।** हरियाणा बिजली वितरण निगम कोसली के 132केवी सब स्टेशन के एसएससी सुभाष चंदर यादव 22 वर्ष के सेवाकाल के बाद सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर एक्सईएन संजय यादव ने सुभाष यादव के कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हें एक निष्ठावान व सभी कर्मचारियों को साथ लेकर चलने वाला अधिकारी बताया। एसएससी सुभाष अपने कार्यकाल में कृष्ण नगर, कनीना व कोसली में सेवाएं दी। उन्होंने अपनी ड्यूटी के अतिरिक्त सभी सब स्टेशनों के परिसर में पौधे लगवाकर पर्यावरण संरक्षण का काम भी किया। एक्सईएन व स्टाफ सदस्यों सहित गांव श्यामनगर के सरपंच जिले सिंह ने सुभाष को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। प्रधान जयप्रकाश प्रधान ने यूनियन की ओर से व कर्मचारियों ने स्मृति चिन्ह भेंट किए। इस अवसर पर अनिल यादव एक्सईएन सिविल रेवाड़ी, एसएससी रेवाड़ी अरुण यादव, नरेश यादव, सोनू यादव, मुकेश यादव, एसडीओ बीरसिंह यादव कनीना, सुमित कुमार कोसली, विकास दीप यादव बुरौली, जेई जगबीर, सतीश, गौरव, मोहिंदर, एचएसईबी वर्कर्स यूनियन के मनोज सैनी ऑडिटर, सर्कल सचिव विक्रम यादव, शमशेर यादव, संदीप यादव, सुनील यादव, सोनू व महेश प्रधान सहित अनेक कर्मचारी मौजूद थे।


रेवाड़ी। छात्रा को शुभकामनाएं देते रीजनल सेंटर के निदेशक व स्टाफ सदस्य।

### नांगल पठानी की रुचि को एमबीबीएस में मिला दाखिला

**कोसली।** गांव नांगल पठानी निवासी व कृष्ण नगर गांव स्थित भगत फूलसिंह महिला विश्वविद्यालय के रीजनल सेंटर की छात्रा रुचि ने ऑल इंडिया प्रवेश परीक्षा नीट के माध्यम से एमबीबीएस में दाखिला लेकर अपने परिवार और गांव का नाम रोशन किया है। छात्रा का दाखिला राजकीय पीजी मेडिकल कॉलेज राजाजी नगर बैंगलोर कर्नाटक में हुआ है। रुचि की सफलता से परिवार और रीजनल सेंटर में खुशी का माहौल है। एमबीबीएस दाखिला प्रक्रिया के बाद शुक्रवार को छात्रा रुचि रीजनल सेंटर पहुंची। रीजनल सेंटर के निदेशक डा. यशपाल शर्मा ने कहा कि रुचि ने अपनी मेहनत और प्रतिभा से यह मुकाम हासिल किया है, जो अन्य छात्राओं को भी प्रेरणा देने वाला है। उन्होंने उम्मीद जताई कि रुचि अपने क्षेत्र में और भी ऊंचाइयों को हासिल करेंगी। पिता प्रवीन और माता अनिता ने बताया कि रुचि बचपन से ही होनहार थी तथा उसका सपना डॉक्टर बनने का था। इस अवसर पर डा. अनिल कुमार, डा. रीनू यादव, डा. प्रवेश कुमारी, डा.अंजलि यादव व डा. पूजा सहित सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।


रेवाड़ी। ग्रामीणों को जागरूक करते हुए पुलिस टीम।

### पुलिस टीम ने अब तक नशे से पीड़ति 185 लोगों की पहचान कर 60 का कराया इलाज

**रेवाड़ी।** जिला पुलिस की नशा मुक्त टीम ने शुक्रवार को निरीक्षक रामपाल के नेतृत्व में गांव अकबरपुर, खरसानकी व चांदावास में ग्रामीणों के साथ बैठक कर गांवों को नशा मुक्त करने तथा युवाओं को नशे से दूर रखने को लेकर विचार-विमर्श किया। नशामुक्ति टीम ने एक नशा पीड़ति व्यक्ति की काउंसलिंग कराकर रेवाड़ी के डी-एडिक्शन सेंटर में भी भर्ती कराया। पुलिस टीम ने अब तक नशे से पीड़ति 185 लोगों की पहचान की है तथा 60 नशा पीड़तिं का इलाज कराया गया है। निरीक्षक रामपाल ने कहा कि पुलिस और आमजन अगर आपस में तालमेल के साथ कार्य करें तो नशे जैसी बुराई पर नियंत्रण पाया जा सकता है। नशा एक ऐसी बुराई है, जिससे व्यक्ति का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। उन्होंने कहा कि अभियान चलाकर युवा पीढ़ी को नशे से बचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर किसी के पास नशे संबंधी सूचना है, कोई व्यक्ति नशे का प्रयोग करता है या नशे की सप्लाई इत्यादि करता है तो इस बारे पुलिस को मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 या 112 नंबर पर सूचना दे सकते है। उन्होंने गांव के नौजवानों और बच्चों से अपील करते हुए कहा कि वे नशे के विरुद्ध इस युद्ध में पुलिस का सहयोग करे।

## पिता का आरोप...बेटे का किडनैप, फिर की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

छात्र का किडनैप कर उसके साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। इस बारे में पीड़ित के पिता ने पुलिस में शिकायत दी है। वहीं किडनैप करने का एक सीसीटीवी वीडियो भी आया है। जिसमें बाइक सवार कुछ युवा स्टूडेंट को किडनैप करके ले जाते दिखाई दे रहे हैं। मोहल्ला पुरानी सराय के रहने वाले कृष्ण कुमार ने बताया कि उसका लड़का वासुदेव सैनी स्कूल में 12वीं कक्षा में पढ़ता है। 31 दिसंबर को वह ढाई से तीन बजे स्कूल से घर आ रहा था। जब वह महावीर चौक के पास उनके घर के नजदीक एक गली में था। इस दौरान बाइकों पर सवार होकर कुछ युवक आए। उन युवकों ने उसके लड़के को रोक लिया। जिसके बाद उसको मारपीट कर बाइक पर बैठाकर ले गए।

इसके बाद वे उसके लड़के को दयानगर में खेतों में लेकर गए। जहां पर उन्होंने उसके लड़के के साथ मारपीट की, उसको बुरी तरह से मारा। इस दौरान खेत में काम करने वाले लोगों ने उसके साथ मारपीट होते हुए देख लिया। जिसके बाद उन्होंने डायल 112 पर फोन करके पुलिस को बुला लिया। पुलिस के आने पर वे लड़के वासुदेव को छोड़कर से फरार हो गए। पुलिस ने युवक को अस्पताल में पहुंचाया। वहां पर युवक को इलाज के लिए भर्ती कर लिया गया। जिसके बाद उसने पुलिस में शिकायत दी।


नारनौल। सीसीटीवी फुटेज में आरोपित। फोटो: हरिभूमि

### तीन आरोपित गिरफ्तार

थाना शहर प्रबंधक निरीक्षक मुकेश कुमार ने बताया कि एक शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसमें शिकायतकर्ता ने बताया कि कुछ युवकों द्वारा उसको बाइक पर बैठाकर ले जाया गया और उसके साथ मारपीट की गई। पुलिस ने शिकायत पर तुरंत संज्ञान लेते हुए एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी। मामले में कार्रवाई करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है।

### हार्ट फेल होने से 35 वर्षीय विवाहिता की मौत

**नारनौल।** गांव पोता निवासी करीब 35 वर्षीय महिला की हार्ट फेल होने से मौत हो गई। पुलिस ने परिजनों के बयान पर महिला का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार गांव पोता निवासी 35 वर्षीय मीना देवी पत्नी सुशील कुमार को बीती रात करीब 11 बजे अचानक छाती में दर्द हो गयाद। जिस पर परिजन उसे तुरंत उपचार के लिए महेंद्रगढ़ शहर के निजी अस्पताल ले गए, लेकिन वहां डाक्टर नहीं होने पर रेफर कर दिया गया। वहां से परिजना मीना को नागरिक अस्पताल नारनौल लेकर आए, जहां उसे चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना अस्पताल प्रशासन द्वारा पुलिस को दी गई। मीना देवी मूल रूप से गुजरात की रहने वाली थी। उसकी शादी गांव पोता निवासी सुशील कुमार से हुई थी और वह काफी समय से अपने ससुराल पोता में रह रही थी। मीना देवी को दो साल की एक लड़की है, जबकि उसका पति खेतीबाड़ी करता है। मीना को पहले से हर्ट की प्रॉब्लम थी और उसका रेवाड़ी से ईलाज भी चल रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल नारनौल में पोस्टमॉर्टम कराया।

### सड़क हादसे में व्यक्ति की मौत

**नारनौल।** गांव बलाहा कलां में करीब 45 वर्षीय धर्मवीर पुत्र रामचंद्र की सड़क हादसे में मौत हो गई। सदर पुलिस ने परिजनों के बयान पर वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने उपरांत शव का पोस्टमार्टम करा उसे परिजनों को सौंप दिया।

### रेवाड़ी-भटिंडा रेलमार्ग से गुजरने वाली रेलसेवाओं के समय में हुआ बदलाव

**कोसली।** रेलवे की ओर से रेवाड़ी-भटिंडा रेल खंड के रेलमार्ग से गुजरने वाली रेलसेवाओं के समय में बदलाव किया है। कोसली स्टेशन मास्टर महेंद्र सिंह मीणा ने बताया कि रेवाड़ी की ओर जाने वाली 14733 बठिंडा-जयपुर ट्रेन अब प्रातः 2:41 बजे कोसली स्टेशन पर पहुंचेगी। 14705 भिवानी-ढेहर का बालाजी प्रातः 4:53 बजे, 19416 कटरा-साबरमती एक्सप्रेस प्रातः 5:05 बजे, 14086 सिरसा-तिलकब्रिज हरियाणा एक्सप्रेस प्रातः 6:16 बजे, 14029 श्रीगंगानगर-दिल्ली एक्सप्रेस 11:16 बजे, 54086 सातरोड़-दिल्ली शाम 3:57 बजे, 14715 हिसार-जयपुर शाम 5:48 बजे, 14730 फाजिल्का-रेवाड़ी शाम 7:24 बजे, 54781 भटिंडा-रेवाड़ी रात्रि 11:37 बजे व 09734 भिवानी-जयपुर शाम 5:01 बजे कोसली स्टेशन पर पहुंचेंगी। इनके अलावा भिवानी की ओर जाने वाली 14716 जयपुर-हिसार एक्सप्रेस मध्यरात्रि 12:51 बजे, 54085 दिल्ली-सातरोड़ प्रातः 10:44 बजे, 14734 जयपुर-बठिंडा सुबह 11:35 बजे, 19415 साबरमती-कटरा एक्सप्रेस सुबह 11:48 बजे, 14030 मेरठ-गंगानगर दोपहर 1:23 बजे, 14726 मथुरा-भिवानी शाम 6:59 बजे व 14706 ढेहरका बालाजी-भिवानी ट्रेन रात्रि 8:36 बजे कोसली स्टेशन पर पहुंचेगी।

### अटाली मंदिर में दीवार गिरने से मलबे में दबकर मजदूर की मौत

**मंडी अटेली।** खंड सिहमा के गांव अटाली में स्थित बाबा खेता नाथ मंदिर में सायं लगभग पांच बजे मंदिर के पीछे की दीवार ढहने से एक मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान खामपुरा निवासी लगभग 46 वर्षीय कैलाश पुत्र रगबीर के रूप में हुई है। पुलिस को घटना की सुचना मिलते ही नारनौल डीएसपी सुरेश कुमार एवं अटेली थाना प्रभारी सज्जन कुमार शर्मा पहुंचे और कार्रवाई शुरू कर दी। बाबा खेता नाथ मंदिर अटाली में मंदिर के पीछे पांच मजदूरों की ओर से जमीन खोदने का कार्य किया जा रहा था। शुक्रवार दोपहर में दो मजदूर आधा दिन का कार्य करके अपने घर चले गए थे। बाकी तीन मजदूर कार्य को करने में लगे हुए थे। लगभग शाम पांच बजे तीन मजदूर कार्य कर रहे थे, तभी अचानक मंदिर के पीछे की दीवार ढहने लगी तो दो मजदूर पीछे हो गए। उसी दौरान मजदूर कैलाश मलबे के नीचे दब गया। दीवार के मलबे में कई मजदूर दबने की सूचना पाकर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई और मलबे में दबे मजदूर को जेसीबी को बुलाकर खुदाई कर निकाला गया। परंतु देर होने के चलते कैलाश ने वहीं पर दम तोड़ दिया था।

डीसी ने वर्ष 2024-25 की लंबित शिकायतों के 24 घंटे में निपटान के दिए निर्देश

# समाधान शिविर में 2 माह में 366 में से 191 शिकायतों का निपटान

***मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीसी के जरिए ली राज्य स्तरीय समाधान प्रकोष्ठ की समीक्षा बैठक***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समाधान प्रकोष्ठ की एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में प्रदेश के सभी जिलों के उपायुक्त जुड़े थे। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने जिला महेंद्रगढ़ में प्रत्येक सोमवार व वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक किए जा रहे समाधान शिविरों की प्रगति रिपोर्ट मुख्यमंत्री के समक्ष रखी।

सीएम ने कहा कि हरियाणा सरकार आमजन की शिकायतों को लेकर अत्यंत गंभीर है। इसका प्रमाण समाधान प्रकोष्ठ के अब तक के आंकड़े हैं। आठ अक्टूबर 2024 से 31 दिसंबर 2025 तक की अवधि में प्रदेश में कुल 68047 शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमें से 45870 का सफलतापूर्वक समाधान किया जा चुका है। उन्होंने अधिकारियों को इसी प्रकार पूरी गंभीरता के साथ इन समाधान शिविरों में आने वाली शिकायतों का निपटान करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने सख्त निर्देश दिए कि वर्ष 2024 की लंबित शिकायतों का 24 घंटे में निपटान करें।


नारनौल। समीक्षा बैठक में मौजूद डीसी कैप्टन मनोज कुमार। फोटो: हरिभूमि

### कोताही या अनाधिकृत अनुपस्थिति को गंभीरता से लिया जाएगा: डीसी

उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि सरकार और प्रशासन का मुख्य उद्देश्य हर शिकायत का समयबद्ध तथा गुणवत्तापूर्ण समाधान करना है। उन्होंने बताया कि जिला महेंद्रगढ़ में एक नवंबर से अब तक दो माह के दौरान 366 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इनमें से 191 का निपटान किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के निर्देशों के अनुरूप, समाधान प्रक्रियाओं में किसी भी प्रकार की कोताही या अनाधिकृत अनुपस्थिति को अत्यंत गंभीरता से लिया जाएगा। इस बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ, अतिरिक्त उपायुक्त तरुण पांवरिया, एसडीएम अनिरुद्ध यादव, एसडीएम नांगल चौधरी उदय सिंह, डीएमसी रणवीर सिंह तथा नगराधीश डॉ. मंगल सेन के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

**NOTICE**

I, Sangeeta W/o Sh. Vikas Ahuja R/o H.No. 3126/54A, Company Bagh, Rewari Tehsil and Distt. Rewari (Haryana) declare that before marriage I was known as Sangeeta Rani D/o Hans Raj Gera and after my marriage I have changed my name as Sangeeta W/o Vikas Ahuja. I should be known as Sangeeta W/o Vikas Ahuja for all future purposes.

**NOTICE**

I, Himanshu S/o Sh. Naresh R/o Kundal, P.O. Tint, Sub Tehsil Manethi, District Rewari, Haryana-123101 declare that my Aadhar Card No. is "462743226949" as per my matriculation certificate, as a proof, which is wrong. That my Aadhar Card No. is "4627 4322 0949" as per my Aadhar card, as a proof, which is true and correct. I want to change my Aadhar card number in my matriculation certificate as per my Aadhar card as "4627 4322 0949" Instead of 462743226949" for all future purposes on permanent nature from the concerned authority. That both the Aadhar card number pertains to me but I am one or the same person.

## पिछले साल जून माह में शुरू हुआ धरना अब भी जारी, नए भवन के निर्माण की प्रक्रिया शुरू

# अस्पताल बनवाने की जिद पर अड़े ग्रामीण, स्वास्थ्य मंत्री से मिलने का मांगा समय

- धरने पर बैठने वाले लोगों की संख्या सीमित

नरेन्द्र वत्स ▸▸| रेवाड़ी

रामगढ़ भगवानपुर में अस्पताल बनवाने की जिद पर अड़े लोगों ने अब प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव से महिलाओं की मुलाकात का समय मांगा है। मुलाकात के लिए लगभग 1 माह पूर्व लिखा गया पत्र 'निरुत्तर' साबित हो चुका है। अब अस्पताल बनाओ संघर्ष समिति एक बार फिर से स्वास्थ्य मंत्री से महिलाओं की मुलाकात का समय मांगा है। समय नहीं मिलने पर 18 जनवरी को महिलाओं के मंत्री के आवास पर मिलने के लिए भेजा जाएगा। अस्पताल निर्माण की मांग को लेकर चल रहे धरने में शामिल लोगों की सीमित भूमिका इस बात के संकेत दे रही है कि यह मामला अब चंद लोगों की 'मूंछ की लड़ाई' बन चुका है। इसके विपरीत सरकार की ओर से मौजूदा बिल्डिंग की जगह ही नए भवन का निर्माण कराने की प्रक्रिया शुरू की हुई है। रामगढ़ भगवानपुर में अस्पताल निर्माण की मांग को लेकर आंदोलन गत वर्ष जून माह में उस समय शुरू हुआ था, जब केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के आश्वासन के बावजूद गांव में अस्पताल निर्माण की संभावनाओं पर पानी फिरता नजर आ रहा था। सीएम नायब सिंह सैनी के 15 जून को रेवाड़ी आगमन के बाद ग्रामीणों को जब यह लगा कि अस्पताल कहीं और बनने जा रहा है, तो ग्रामीण एकत्रित होकर केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत से मिलने के लिए गए थे। मिलने का समय नहीं दिए जाने के बाद ग्रामीणों ने नारेबाजी करते हुए राव के निवास से निकल गए थे। इसके बाद अगले ही दिन ग्रामीणों ने राव के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए आंदोलन शुरू कर दिया था। गांव के सरपंच प्रतिनिधि अनिल कुमार ने सबसे पहले राव इंद्रजीत सिंह पर वादा खिलाफी के आरोप लगाते हुए मोर्चा खोला था। अनिल ने राव के खिलाफ ग्रामीणों को एकजुट करने का प्रयास किया, तो अवसर की तलाश में रहने वाले चंद लोगों ने आंदोलन की आड़ में अपनी राजनीति को चमकाने के लिए इसे नया प्लेटफार्म बना लिया। सही मायने में इन्हीं लोगों की बदौलत एक ऐसे आंदालन की शुरूआत की गई, जिसके अभी तक कोई सकारात्मक परिणाम सामने नहीं आए हैं।



रेवाड़ी। रामगढ़-भगवानपुर में 200 दिन से धरने पर बैठे ग्रामीण।फोटो : हरिभूमि

### दूसरी बार पत्र लिखा

अस्पताल निर्माण की मांग को लेकर धरना लगातार जारी है। स्वास्थ्य मंत्री से धरने में शामिल महिलाओं की मुलाकात के लिए समय देने के लिए दूसरी बार पत्र लिखा गया है। अगर समय नहीं मिला, तो महिलाएं 18 जनवरी को रामपुरा निवास पर स्वास्थ्य मंत्री से मिलने के लिए पहुंचेंगी। अस्पताल निर्माण की मांग पूरी नहीं होने तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा।

-अनिल कुमार, सरपंच प्रतिनिधि।

### पंचायत के बाद की गई थी अभद्र टिप्पणी

अस्पताल निर्माण की मांग को लेकर चल रहे धरने के बीच गत वर्ष ही पंचायत का आयोजन किया गया था, जिसके बाद बाहर से आए कुछ लोगों ने कैबिनेट मंत्री आरती राव और उनके पिता राव इंद्रजीत सिंह के प्रति खुलकर अभद्र भाषा का प्रयोग किया था। राव इंद्रजीत सिंह ने बेटी के प्रति टिप्पणी पर खुलकर नाराजगी जाहिर की थी। बाद आंदोलन करने वाले लोगों ने खुद इस तरह की टिप्पणी पर खेद जाहिर करते हुए इसे बाहर से आने वाले लोगों की करतूत बताकर पंचायत का मंच इस्तेमाल नहीं होने की बात कही थी।

### राव के इनकार के बाद उठी एक और मांग

आरती पर टिप्पणी के बाद केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह रामगढ़ भगवानपुर में अस्पताल निर्माण की संभावनाओं को सिरे से खारिज करते हुए तर्क दिया था कि जिला मुख्यालय का अस्पताल शहर में ही बनना चाहिए। उसके बाद शहर के लोगों ने भी अस्पताल को शहर में ही रखने की मांग उठाना शुरू कर दिया था। स्वास्थ्य विभाग की ओर से भी वर्तमान अस्पताल की बिल्डिंग को तोड़कर नए सिरे से अस्पताल निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई।

### गेंद एक बार फिर आरती के पाले में डालेंगे

अस्पताल निर्माण की मांग को लेकर बनाई गई संघर्ष समिति के पदाधिकारी सीएम तक से मिल चुके हैं। गत वर्ष को समिति से जुड़ी महिलाओं से मुलाकात करने के लिए 4 नवंबर को मंत्री आरती राव को पत्र लिखा गया था, परंतु उसका कोई जवाब नहीं मिला। अब समिति ने एक बार फिर स्वास्थ्य मंत्री से महिलाओं की मुलाकात का समय मांगा है। समिति के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि अगर समय नहीं मिलता है, तो 18 जनवरी को महिलाएं मिलने के लिए मंत्री के रामपुरा निवास पर पहुंचेंगी।

### डा. संजय 2027 आईएमए के नए प्रेसिडेंट इलेक्ट

रेवाड़ी। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने शकुंतला मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल के डायरेक्टर डा. संजय अग्रवाल को वर्ष-2027 के लिए आईएमए रेवाड़ी का प्रेसिडेंट इलेक्ट किया है। साथ ही जिला आईएमए की ओर से वर्ष-2026 के लिए डा. नीरज यादव को अध्यक्ष चुना गया है। आईएमए के वर्तमान अध्यक्ष डा. दीपक शर्मा व सचिव डा. मनीष तनेजा सहित सभी सदस्यों ने दोनों चिकित्सकों को शुभकामनाएं दी है। आईएमए के सदस्यों ने उम्मीद जताई कि डा. संजय अग्रवाल के नेतृत्व में संगठन को नई दिशा और मजबूती मिलेगी तथा चिकित्सा सेवा व चिकित्सकों के हित में महत्वपूर्ण कार्य किए जाएंगे।

### चेयरपर्सन रेनू भाटिया 5 व 6 को रेवाड़ी में

रेवाड़ी। हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया 5 जनवरी को जिले में शिकायतों की सुनवाई करेंगी। प्रवक्ता ने बताया कि चेयरपर्सन रेनू भाटिया सोमवार दोपहर 12 बजे लघु सचिवालय सभागार में शिकायतों की सुनवाई करेंगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सुनवाई के दौरान उपस्थित रहने के निर्देश भी दिए है। इसके अलावा चेयरपर्सन शाम को साढ़े चार बजे लोक निर्माण विश्राम गृह में जिला परिषद के चेयरमैन व सदस्यों के साथ बातचीत करेंगी। इसी दिन शाम 5:30 बजे रेवाड़ी जिम का दौरा भी करेंगी। प्रवक्ता ने बताया कि चेयरपर्सन 6 जनवरी को प्रातः 11 बजे वन स्टॉप सेंटर कर दौरा कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लेंगी।

## लघु सचिवालय सभागार में वार्डों के आरक्षण के लिए ड्रॉ की पर्चियां निकाली

# एससी, बीसीए, बीसीबी व सामान्य वर्ग की महिलाओं के लिए 11 वार्ड आरक्षित

रेवाड़ी नगर परिषद के 32 वार्डों में बीसीए व बीसीबी, महिलाओं व एससी के लिए वार्ड आरक्षित किए गए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

शुक्रवार को रेवाड़ी नगर परिषद के 32 वार्डों में बीसीए व बीसीबी, महिलाओं व एससी के लिए वार्ड आरक्षित किए गए। लघु सचिवालय सभागार में वार्डों के आरक्षण के लिए ड्रॉ की पर्चियां निकाली गई। वार्ड आरक्षण ड्रा में प्रशासन की ओर से तहसीलदार रमन कुंडू मौजूद थे। इस मौके पर डीएमसी ब्रह्मप्रकाश, चेयरपर्सन पूनम यादव, ईओ सुशील कुमार, एडहोक कमेटी के सदस्य वाइस चेयरमैन श्याम चुघ, पार्षद मनीष व रेखा यादव सहित सभी मेंबर व पार्षद मौजूद थे। पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई गई और एडहॉक कमेटी के सदस्यों के सामने पर्चियां निकालकर वार्ड आरक्षित किए गए। एससी के लिए 6, बीसीबी के लिए 4 व बीसीए के लिए तीन वार्ड आरक्षित किए गए है। इस साल फरवरी में होने वाले चुनाव के लिए वार्डों की संख्या 31 से बढ़ाकर 32 की गई है।



रेवाड़ी। वार्ड आरक्षण की पर्ची निकालते डीएमसी व पूनम यादव तथा ड्रा में मौजूद पार्षद। फोटो : हरिभूमि

### चेयरमैन पद के आरक्षण का ड्रॉ 22 को

अनुसूचित जाति के लिए 6 वार्ड आरक्षित किए गए हैं। पिछड़ा वर्ग-ए यानि बीसीए के लिए 3 वार्ड, पिछड़ा वर्ग-बी यानि बीसीबी के लिए 4 वार्ड व सामान्य वर्ग के लिए कुल 15 वार्ड रखे गए हैं, जिनमें से 6 वार्ड सामान्य वर्ग की महिलाओं के लिए आरक्षित किए गए हैं, जबकि शेष 9 वार्ड सामान्य वर्ग के लिए अनारक्षित रहेंगे। ड्रॉ की प्रक्रिया पूरी होने के बाद परिणाम को मंजूरी के लिए मुख्यालय भेजा जाएगा। स्वीकृति मिलते ही वार्डवार नामांकन प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसके अलावा नगर परिषद रेवाड़ी और धारूहेड़ा नगर पालिका के चेयरमैन पद के आरक्षण का ड्रॉ 22 जनवरी को निकाला जाएगा।

### वर्तमान चेयरपर्सन का वार्ड सामान्य महिला के लिए आरक्षित

बीसीबी से आने वाली चेयरपर्सन पूनम यादव का वार्ड-21 अब सामान्य वर्ग की महिला के लिए आरक्षित किया गया है। इस वार्ड से अब सामान्य वर्ग के साथ बीसी और एससी वर्ग की महिलाएं भी चुनाव लड़ सकेंगी। फिलहाल यहां से सामान्य वर्ग के राजेंद्र सिंघल पार्षद है। पूर्व चेयरमैन विजय राव का वार्ड-20 इस बार बीसीबी की महिला के लिए आरक्षित किया गया है। इस बार यहां से उनकी पत्नी निर्मला राव चुनाव लड़ सकती है। दिसंबर 2020 में हुए चुनाव में निर्मला राव चेयरपर्सन का चुनाव लड़ चुकी हैं। फिलहाल चेयरपर्सन का ड्रा नहीं हुआ है। ड्रा में पद आरक्षित नहीं हुआ तो विजय राव खुद चेयरमैन का चुनाव लड़ सकते हैं, जबकि उनकी पत्नी पार्षद का चुनाव लड़ सकती हैं।

### ये रही वार्ड आरक्षण की प्रक्रिया

- अनुसूचित जाति एससी के लिए 6 वार्ड आरक्षित
- एससी महिलाओं के लिए दो वार्ड 27 और 30 तथा पुरुषों के लिए चार वार्ड 3, 24, 28 और 32 आरक्षित किए गए।
- पिछड़ा वर्ग-ए यानि बीसीए के लिए 3 वार्ड आरक्षित
- बीसीए में महिला के लिए एक वार्ड नंबर 13 तथा पुरुषों के लिए दो वार्ड 9 और 16 आरक्षित।
- पिछड़ा वर्ग-बी यानि बीसीबी के लिए 4 वार्ड आरक्षित
- बीसीबी में महिलाओं के लिए दो वार्ड 11 और 20 और दो वार्ड पुरुषों के लिए 25 और 26 आरक्षित।
- सामान्य वर्ग के लिए 15 वार्ड आरक्षित
- सामान्य वर्ग की महिलाओं के लिए 6 वार्डों में 2, 5, 8, 15, 21 और 23 और शेष 9 वार्ड सामान्य वर्ग के लिए अनारक्षित रहेंगे।

## न्यूज डायरी

### बकरी चोरी मामले में तीसरा आरोपी गिरफ्तार

धारूहेड़ा। सीआईए धारूहेड़ा ने बकरी चोरी करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान जिला नूहं के गांव फिरोजपुर नमक निवासी मोहम्मद आरिफ के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। गत वर्ष 6-7 सितंबर की रात्रि को कोई अज्ञात व्यक्ति गांव पीथनवास निवासी रामौतार के घर के पीछे बाड़े से बंधी पांच बकरी व एक बकरा गाड़ी में डालकर चोरी करके ले गए थे। पुलिस ने थाना कसोला में चोरी का मामला दर्ज करके मामले में संलिप्त दो आरोपी मुबीन व आमिर को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। सीआईए धारूहेड़ा ने वीरवार को मामले में संलिप्त एक और आरोपी मोहम्मद आरिफ को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके पूछताछ के लिए एक दिन के रिमांड पर लिया है। जांचकर्ता ने बताया कि आरोपी मोहम्मद आरिफ के खिलाफ थाना धारूहेड़ा, कसोला व राजस्थान के थाना किशनगढ़, रैणी, टपूकड़ा व मालाखेडा में बकरी चोरी के 9 से ज्यादा मामले दर्ज हैं।



### 13 साल से फरार चल रहा वांछित आरोपी गिरफ्तार

रेवाड़ी। पुलिस के पीओ स्टाफ ने मारपीट कर जानलेवा हमला करने के मामले में 13 साल से फरार चल रहे व अदालत से उद्घोषित वांछित आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान मोहल्ला बंजारवाडा निवासी दीपक उर्फ दीपू के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में 8 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। गांव झाल निवासी विरेन्द्र सिंह ने 11 अगस्त 2012 को अपनी शिकायत में बताया था कि वह अपने साथियों के साथ भर्ती की प्रेक्टिस करने के लिए ट्रेन से कोसली से रेवाड़ी आया था, जिसके बाद वे सभी रेलवे स्टेशन से पंजाबी मार्केट होते हुए राव तुलाराम स्टेडियम की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में कुछ युवकों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी तथा उनमे से एक युवक ने उस पर तेजधार हथियार से हमला कर दिया, जिससे वह गभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मामले में संलिप्त 8 आरोपी कर्मबीर उर्फ गोली, सूबे सिंह, कमल उर्फ पल्टी, कमल उर्फ ओंडा, संदीप उर्फ लाल, विशाल उर्फ पोंगा, संदीप उर्फ भतीजा व नवीन को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। इस मामले में आरोपी दीपक उर्फ दीपू काफी दिन से फरार चल रहा था, जिसे अदालत ने वर्ष-2014 में पीओ घोषित किया था। पुलिस के पीओ स्टाफ ने वीरवार आरोपी दीपक उर्फ दीपू को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।




रेवाड़ी। समाधान शिविर की शिकायतों की समीक्षात्मक बैठक लेते डीसी।

### शिकायतों के समाधान में लापरवाही न बरतें: डीसी

रेवाड़ी। समाधान शिविर में आने वाले परिवादियों की शिकायत का निदान संजीदगी के साथ किया जाए। किसी भी रूप से शिकायत को लंबित न रखें। शिकायत के समाधान की अपडेट रिपोर्ट समाधान प्रकोष्ठ के पोर्टल पर अपलोड करें। शुक्रवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीसी के माध्यम सभी जिलों में आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर की समीक्षात्मक बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए। वीसी के पश्चात डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि सिटीजन सेटिस्फेक्शन बेहद जरूरी है, ऐसे में समाधान शिविर के माध्यम से आमजन की शिकायत का समाधान तत्परता से करते हुए लोगों को राहत पहुंचाएं। समाधान शिविर में आई शिकायतों को कोई भी विभाग के अधिकारी लंबित न रखते हुए निवारण कराएं। शिविरों की शिकायतों के समाधान में किसी भी विभाग के अधिकारी लापरवाही न बरते। बैठक में एसपी हेमेंद्र मीणा, एडीसी राहुल मोदी, एसडीएम सुरेश कुमार, डीएमसी ब्रह्मप्रकाश व सीटीएम जितेंद्र कुमार सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

### कार की टक्कर से बाइक सवार घायल, केस दर्ज

कोसली। छव्वा गांव के एक व्यक्ति ने अज्ञात कार चालक पर दुर्घटना कर घायल करने तथा बाइक को क्षतिग्रस्त करने के आरोप में कोसली थाने में मामला दर्ज कराया है। एडवोकेट अश्वनी कुमार एडवोकेट ने बताया कि वह 22 दिसंबर को शाम करीब 6 बजे बाइक से अपने गांव छव्वा से किसी काम के लिए धारौली जा रहे थे कि गांव के बस अड्डे से आगे धारौली की ओर से आ रहे कार चालक ने तेज रफ्तार व लापरवाही से बाइक को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वे साईड में जा गिरे तथा बाइक कार के आगे फंस गई। दुर्घटना के बाद चालक अपनी कार को मौके पर छोड़ कर भाग गया। राहगीरों ने उन्हें इलाज के लिए कोसली अस्पताल पहुंचाया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

# आउट ऑफ स्कूल बच्चों के लिए जिले में चलाया जाएगा विशेष सर्वे अभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

एडीसी राहुल मोदी ने कहा कि जिले में आउट ऑफ स्कूल बच्चों के लिए विशेष सर्वे अभियान चलाया जाएगा ताकि इन बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ा जा सकें। एडीसी राहुल मोदी ने शुक्रवार को आउट ऑफ स्कूल बच्चों का सर्वे कराने के लिए शिक्षा विभाग व संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एडीसी ने कहा कि आउट ऑफ स्कूल बच्चों के सवार्गीण विकास के लिए शैक्षणिक वर्ष 2026-27 में विशेष ट्रेनिंग सेंटरों पर शिक्षा वॉलेंटियर द्वारा पढ़ाई कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि विद्यालय, खंड तथा जिला स्तर पर किये जाने सर्वे कार्य की गाइडलाइन जारी की गई है। विभागों के अधिकारी सहित एसएमसी, पंचायत, आंगनबाड़ी वर्कर्स, नंबरदार, शिक्षा स्वयंसेवक तथा जिला के विभिन्न एनजीओ के माध्यम से सर्वे के दौरान सर्वेयर की सहायता करेंगें। उन्होंने कहा कि सभी आउट ऑफ स्कूल बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए सभी अपनी भूमिका को पूरी लगन से निभाएं। उन्होंने बताया कि समग्र शिक्षा के एपीसी कृष्ण व उप अधीक्षक प्रदीप कुमार के मोबाइल नंबर 9416417326 व 8901922300 पर किसी भी आउट ऑफ स्कूल बच्चों की जानकारी देने के लिए कोई भी शिक्षक या अभिभावक सम्पर्क कर सकते हैं।


रेवाड़ी। अधिकारियों के साथ बैठक करते एडीसी राहुल मोदी। फोटो : हरिभूमि

### ट्रैक्टर से गिरकर घायल हुए मुंशी ने तोड़ा दम

रेवाड़ी। गोठड़ा सैनिक में लेबर के मुंशी के रूप में कार्यरत एमपी के युवक की ट्रैक्टर से गिरकर घायल होने के बाद मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया। ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। सैनिक स्कूल में चल रहे निर्माण कार्य में ठेकेदार की लेबर के मुंशी का कार्य करने वाला एमपी के कोटा गांव निवासी 28 वर्षीय राजेश ने अपने अन्य साथियों के साथ वीरवार शाम शराब का सेवन किया था। इसके बाद वह साथियों के साथ ही ट्रैक्टर पर कहीं जा रहा था। इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से वह ट्रैक्टर से गिरकर घायल हो गया। उसके साथी उसे खोरी बस स्टैंड पर एक डॉक्टर के पास लेकर गए। डॉक्टर ने उसकी चोटों पर मरहम पट्टी करने के बाद दवाएं देकर भेज दिया। रात को उसकी तबियत अचानक खराब हो गई।

**कामयाबी** | दो करोड़ रुपये किए बरामद, गिरोह के 200 से अधिक आरोपियों को किया गिरफ्तार

# बीते वर्ष साइबर पुलिस ने तोड़ा साइबर ठगों का तिलिस्म

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

वर्ष 2025 में साइबर क्राइम थाना पुलिस ने साइबर ठगों के तिलिस्म को तोड़ने मे कामयाबी हासिल की। पुलिस टीम ने पश्चिम बंगाल, मध्यप्रदेश, यूपी, राजस्थान व दिल्ली राज्यों के ठिकानों के सैकडों ठगों को दबोचा। इन ठगों से करीब दो करोड़ रुपए बरामद किए गए व फ्रीज कराकर पीड़ितों को राशि वापस दिलाकर बड़ी उपलब्धि हासिल की। साइबर क्राइम थाना प्रभारी निरीक्षक फूल कुमार ने बताया कि साईबर अपराधों की गंभीरता को देखते हुए हरियाणा सरकार ने प्रत्येक जिले में एक साइबर थाना स्थापित किया हुआ है। जिला पुलिस ने एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा के मार्गदर्शन में कार्य करते हुए वर्ष 2025 में जानकार बनकर ठगने वाले, स्टोक मार्केट में इन्वेस्ट कराने का झांसा देकर ठगी करने वाले, खरीददारी करने के नाम पर ठगी करने वाले, ओएलएक्स पर ठगी करने वाले, डिजीटल अरेस्ट, फर्जी यू ट्यूब अधिकारी, फर्जी सीबीआई अधिकारी बनकर व गेमिंग एप के माध्यम से साईबर ठगी करने वालों पर 163 एफआईआर दर्ज की गई, जिनमें देश के अलग-अलग राज्यों से ठगी करने वाले गिरोह के 200 से अधिक साइबर ठगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों से ठगी के कार्य मे प्रयोग होने वाले भारी मात्रा में फर्जी सिम, मोबाईल फोन और लैपटॉप व अलग-अलग बैकों के फर्जी खाते बरामद किए। पुलिस ने गत वर्ष करीब 675 शिकायतों का समाधान करके जिले की जनता को साइबर ठगी करके ठगे गए रुपयों में से करीब दो करोड़ रुपये वापस दिलाए। थाना प्रभारी ने बताया कि साइबर थाना सहित जिले के सभी थानों की पुलिस ने जिलेभर में साल भर में 100 से ज्यादा साइबर अवेयरनेस कार्यक्रम आयोजि करके करीब 20 हजार लोगों को जागरूक भी किया।


रेवाड़ी। साइबर अपराधियों व बरामद मोबाइल के साथ पुलिस टीम। फाईल फोटो।

### आमजन साइबर फ्रॉड से रहें सतर्क

आमजन फर्जी क्रेडिट मैसेज फ्रॉड, सोशल मीड़िया, फेसबुक पर अंजान दोस्ती, फर्जी लोन एप, टेलीग्राम चैनल-वर्क फ्रॉम होम, गूगल पर फर्जी कस्टमर केयर नंबर, स्क्रीन शेयरिंग एप से फ्रॉड, एसएमएस फॉरवड, एपीके फाइल डाउनलोड, जीवन साथी-डेटिंग एप व नग्न वीडियो से फ्रॉड करने वालों ठगों से सतर्क रहे। कोई भी साइबर अपराध होने पर तुरंत 1930 या डॉयल 112 पर कॉल करें या साइबरक्राइम.जीओवी.इन पर लॉगइन करके शिकायत दे सकते है।

-हेमेंद्र कुमार मीणा, एसपी रेवाड़ी।

